
पिघलता हिमालय

देश में एक वर्ष के भीतर मध्यावधि चुनाव की रूप रेखा तैयार हो जायेगी

साप्ताहिक प्रथम अंक — 30 अक्टूबर 1978

RNI Regn.No.- 54447/78 स्थापित: 1978 Postal Reg. No. UA/NTL- 08/ 2024-26

# पिघलता हिमालय

वर्ष 42 अंक 17 हल्द्वानी सम्वत् 2083 सोमवार 28 सितम्बर 2026

एक प्रति 5 रु., वार्षिक-200 रु. आजीवन 2000 रु.

संस्थापक- स्व.आनन्द बल्लभ उप्रेती, स्व.दुर्गा सिंह मर्तोलिया, स्व.श्रीमती कमला उप्रेती

सम्पादक : श्रीमती गीता उप्रेती

संरक्षक : फली सिंह दत्ताल, मंगल सिंह मर्तोलिया


दैनिक पिघलता हिमालय


देश में एक वर्ष के भीतर मध्यावधि चुनाव की रूप रेखा तैयार हो जायेगी

दैनिक प्रथम अंक — 18 दिसम्बर 1979


## अब चुनाव मोड पर आ चुके नेता

# सावधान! हर तरीके से रिझाने का खेल चलेगा

**उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखण्ड, गोवा, हिमाचल, गुजरात, मणिपुर राज्यों में होने हैं चुनाव**



### प्रशासनिक तैयारियां भी युद्ध स्तर पर चल रही हैं

### वोटर लिस्ट को लेकर विपक्ष पहले से हमलावर बना हुआ है

**बताये जा रहे सर्वे में कांटे की टक्कर की चर्चा है और अपने-अपने दावे के साथ दांव जारी**

कार्यालय प्रतिनिधि

विधानसभा चुनाव के लिये उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखण्ड, गोवा, हिमाचल, गुजरात, मणिपुर आदि राज्यों तैयारी है। इन्हीं सब को लेकर पूरे देश में नई हलचल है क्योंकि सत्ता सुख चाहने वाले वाया पार्टी के रास्ता बना रहे हैं। छन-छन कर किये जा रहे सर्वे में बताया जा रहा है कि कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी। इसके अलावा सर्वे में अपने अपने दावे के साथ दांव लगाए जा रहे हैं। नेता अपनी मजबूती के लिये दूसरे प्रदेशों से भी अपना सम्पर्क बनाने में जुटे हैं ताकि चुनाव के दौरान हर प्रकार के वोटर को मनाया जा सके।

उत्तराखण्ड की बात करें तो नेतागण चुनाव मोड में दिखाई दे रहे हैं। उन्हें पार्टी टिकट का इन्तजार भर है। टिकट न मिलने की स्थिति में निर्दलीय का रौब भी दिखाया जा रहा है। टिकट किसे मिलेगा और किसका कटेगा, इस बात को लेकर पार्टी कार्यकर्ता और अन्य भी लगातार चर्चा कर रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि चुनाव के अन्तिम समय तक स्थितियां बहुत बदली होंगी। वर्तमान में जिन नामों की चर्चा हो रही है, हो सकता है आगे नए नाम सुनाई दें। इस कारण से पार्टी कार्यकर्ता अभी खुलकर प्रचार में नहीं आ रहे हैं।

विधानसभा चुनाव के लिये प्रशासनिक स्तर पर जिस प्रकार की तैयारियां चल रही हैं उससे लगता है कि एक अक्टूबर से चुनाव तैयारी तेज होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय इसके लिये सभी ईवीएम वीवीपैड की प्रथम चरण की जांच जिलेवार करेगा। साथ ही अन्य तरह की तैयारियां होने लगेंगी।

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची के अन्तिम प्रकाशन 3 अक्टूबर 2026 तक होने की बात कही जा रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने सचिवालय स्थित मीडिया सेन्टर में प्रेस को जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी नए कार्यक्रम के अनुसान तय समय पर सारे कार्यक्रम होने हैं।

इस बीच वोटर सूची को लेकर सियासत गर्मायी हुई है। कांग्रेस बराबर आरोपों के साथ सत्ता पक्ष को घेर रही है कि वोटर लिस्ट में अन्धेर मची है। समाजवादी पार्टी के 'चेंज मेकर यूथ असेंबली' में सपा उत्तराखण्ड के प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने भाजपा सरकार पर बेरोजगारी, महंगाई, किसानों, व्यापारियों की समस्याओं और कानून व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला है। सबसे ज्यादा तेवर मतदाता सूची को लेकर दिखाते हुए आरोप लगाया कि अल्पसंख्यकों के साथ-साथ दलितों और पिछड़ों के नाम पर भी आपत्तियां दर्ज कराई जा रही हैं और पूरे मामले की जाँच जरूरी है।

शेष पृष्ठ 2 पर

## युवाओं को खुश करने के लिये बड़ा फैसला

# छात्र संघ चुनाव का ऐलान और सरपट तैयारी

- **विधायक तक कूदे छात्र संघ प्रत्याशी के प्रचार में**
- **छात्राओं को आरक्षण पर फूटा गुस्सा, प्रदर्शन**
- **लात-घूसे चले, लहुलुहान होकर पुलिस पर गुस्सा**

उत्तराखण्ड में युवाओं को खुश करने के लिये बड़ा फैसला- छात्र संघ चुनाव समय पर होना है। विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक में सर्वसम्मति से शैक्षिक सत्र 2026-2027 के छात्रसंघ चुनाव की तिथियां तय की गई। छात्र संघ चुनाव को देखते हुए यह भी साफ हो चुका है कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए इन्हें समय पर निपटाया जा रहा है ताकि किसी को कोई बहाना न मिले। माना जा रहा है कि यदि पहले की तरह इन्हें करवाने के लिये ज्यादा विचार-विमर्श होता रहता तो विस चुनाव कारणों से छात्र संघ फंस भी सकते थे।

उच्चशिक्षा मंत्री डॉ. धनसिंह रावत ने भी बताया कि राजकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्याल परिसरों में चुनाव में 50 फीसदी प्रतिनिधित्व छात्राओं को मिलेगा। मंत्री ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को छात्र परिषद व छात्र संघों में प्रतिनिधित्व के मौजूदा ढांचे में संशोधन कर छात्राओं को पचास प्रतिशत प्रतिनिधित्व के साथ चुनाव के लिये पहले ही कह दिया था।

फिलहाल छात्र संघ चुनाव के लिये सक्रिय छात्र नेताओं में बहुत उत्साह है और वह पूरी ताकत अपने चुनाव में दिखा रहे हैं ताकि आम चुनाव में वह बड़े नेताओं के साथ मिलकर अपने अरमान पूरे कर सकें। चुनाव तिथि घोषित होते ही छात्र नेताओं की खुशी के साथ आपस में लड़ाई-भिड़ाई भी देखी गई। छात्र संघ चुनाव में छात्राओं को आरक्षण देने पर लम्बे समय से तैयारी कर रहे छात्र नेताओं में भारी गुस्सा है। हल्द्वानी में एक छात्र नेता के परिजन तक प्रदर्शन करने लगे। उनका कहना था कि- लड़के ने चुनाव के लिये 5 लाख कर्ज ले रखा है और तैयारी की, यदि इसे कुछ होता है तो सरकार जिम्मेदार होगी।

उल्लेखनीय है कि छात्र संघ चुनाव को लेकर बड़ी छात्र संख्या वाले कालेजों को छोड़कर शेष में उत्साह नहीं रहा लेकिन एक वर्ष चुनाव टलने से छात्र नेताओं में बेचैनी दिखाई दी और फिर अगली बार चुनाव करवाने को लेकर आवाज उठने लगी। पिछले चुनाव में जितना जोश छात्र नेताओं में था उससे ज्यादा बाहर से समर्थकों का क्योंकि पार्टी से जुड़े नेता चाहते हैं कि उनके झण्डे उठाने वाले युवा तैयार दिखाई दें। छात्र संघ चुनाव में पार्टियों से जुड़े छात्र नेता आपस में भिड़ते भी दिखाई दिये जबकि पहाड़ों के अधिकांश कालेजों में निर्विरोध चुनाव हो गया। इसका सीधा सा सन्देश यह भी है कि आम छात्र-छात्राएं चुनाव जैसे झमेले से बचना चाहते हैं और चुनाव की प्रक्रिया में लगे कुछ ही छात्र किसी न किसी तरह अपने को आगे दिखाना चाहते हैं। इसमें भी वह छात्र नेता जो तिकड़मबाजी कर नेताओं की संगत कर सकें।

इस बार विधानसभा चुनाव का मौसम है तो स्वाभाविक है कि युवा छात्र नेता जो ऐसे अवसरों की तलाश में रहते हैं कि उन्हें कोई मौका मिले, ज्यादा ही उत्साहित हैं। आम चुनाव से पहले छात्र संघ का पदाधिकारी बनने के लिये विभिन्न पदों पर पूरी ताकत छात्र नेता लगा रहे

शेष पृष्ठ 5 पर

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

पिघलता हिमालय

# छात्र संघ चुनाव का तमाशा

**उत्तराखण्ड में छात्र संघ का भूत पूरी तरह सवार है। ऐसे समय में जबकि प्रत्येक युवा जान चुका है कि राजनीति किस करवट होती है और किस प्रकार का छल-छद्म इस राजनीति में किया जाता है, फिर भी छात्र संघ के मोह में कतिपय युवा नेता फंसे हैं और उम्र के साथ देखा-देखी करने वाली भीड़ हुजूम के रूप में जुट जाती है।**

**छात्र संघ के नाम पर बढ़रहे हंगामे को देखते हुए बीच में अधिकांश का मोह भंग हो गया था। लिंगदोह समिति की सिफारिशों के बाद छात्र नेताओं की अकड़ कम हो गई थी। कोरोना काल व उसके बाद जब छात्र संघ चुनाव नहीं हुए तब कालेज प्रशासन ने राहत की सांस ली। लेकिन राजनीति के साथ जुड़कर अपने लाभ के रास्ते देखने वालों को चैन कहाँ? हंगामा होने लगा कि चुनाव करवाए जाएं। दूसरी ओर छात्र नेताओं को अपने पाले में करने की चाह हर बड़े नेता को होती है। ऐसे में छात्र संघ चुनाव का माहौल बनने लगा और राजनीतिक पार्टियों से जुड़े छात्र नेता तमाशा करने लगे। साथ ही इनके पीछे धनबल लगाने वाले भी सक्रिय रहते हैं। राजनीति के इस खेल में कौन किस करवट बैठेगा, यह अनुमान लगाना कठिन हो जाता है।**

**इस बार भी छात्र संघ चुनाव का तमाशा देखा गया है। युवाओं के जोश को सहते हुए इसे नियंत्रित करने के लिये प्रशासन को कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। शासन अपने स्तर पर कुछ सोच रहा होता है। मंत्री द्वारा यह घोषणा होने पर कि पचास प्रतिशत सीटों पर छात्राओं को अवसर मिलेगा, पहले से तैयारी कर रहे छात्र नेता बिफर पड़े। हल्द्वानी में तो बकायदा एक छात्र नेता के परिवार वाले ही प्रदर्शन करने लगे कि कर्ज लेकर उनका बालक साल भर से चुनाव तैयारी कर रहा था। इससे समझा जा सकता है कि छात्र संघ चुनाव कितना बड़ा तमाशा हो चुका है। लाखों खर्च कर क्यों चुनाव लड़ा जा रहा है? क्यों होटल, गाड़ी, बैंड-बाजे, पोस्टर-बैनरों पर भारी खर्च किया जा रहा है? आंखिर इन सबके पीछे किसी का तो हाथ होता होगा।**

**छात्र संघ चुनाव में एनएसयूआई व अभाविप के गुटों के बीच जमकर मारपीट और आपसी मारपीट भी जगह-जगह हुई है। चुनाव के लिये यह सब किस प्रकार की परिभाषा गढ़ी जाने लगी है। पार्टी संगठन के नेता, विधायक मंत्री तक छात्रों की ओर से जोर लगाने लगे हैं। दरअसल इसके पीछे कुछ मुट्ठीभर लोगों के लाभ का मामला है। शेष भीड़ तो लुटती-पिटती सी दिखाई देती है। चुनावों को तमाशा न बनाया जाए।**

## देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

### लश्कर के मददगारों के ठिकानों पर छापे

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से रची जा रही साजिश और घुसपैठियों की मदद करने वालों के खिलाफ एनआईए ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुपवाड़ा, कुलगाम, बांदीपोरा, बारामुला और सोपोर में दस ठिकानों पर छापे मारे।

### जहाज पर हमला 13 भारतीय नाविक बचाए

नई दिल्ली। ओमान के तट के पास मालवाहक पोत एमटी एल गैया पर हमला किया गया। इस पोत पर कुल 14 भारतीय नाविक सवार थे, जिनमें से 13 को सुरक्षित बचा लिया गया। भारत ने जहाज पर इस हमले की कड़ी निन्दा की है। साथ ही संकट के समय अपने नागरिकों की सुरक्षा और बचाव कार्यों में सहयोग के लिए ओमान सरकार का आभार जताया है।

### इमिग्रेशन नीति खत्म होने का प्रभाव

जालंधर। कनाडा की इमिग्रेशन व्यवस्था में सात साल पुरानी एक अस्थायी सार्वजनिक नीति समाप्त हो चुकी है। इस बदलाव से उन प्रवासियों पर असर पड़ेगा जिन्होंने स्थायी निवास हासिल करने के बाद परिवार सदस्य को मूल आवेदन में घोषित नहीं किया था। यह फैसला पंजाब के लिये महत्वपूर्ण है क्योंकि कनाडा जाने वाले पंजाब के युवाओं की संख्या अधिक है।

### सुप्रीम फैसले अब हिन्दी में आसान

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हिन्दी दिवस के अवसर पर आम नागरिकों तक अपने महत्वपूर्ण फैसलों और आदेशों की जानकारी आसान भाषा में पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। शीर्ष अदालत ने हिन्दी में जन सूचना सेवा शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत चयनित महत्वपूर्ण निर्णयों और आदेशों का सरल हिन्दी में सार उपलब्ध कराया जाएगा।

### दो पाक आतंकी सद्दाम और मुस्तफा ढेर

ऊधमपुर। जम्मू कश्मीर के ऊधमपुर जिले के पहाड़ी क्षेत्र मजालता में हुई भी भीषण मुठभेड़ में सुरक्षा बल ने जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया। आतंकी सद्दाम और मुस्तफा के पास से भारी मात्रा में अवैध गोला-बारूद भी बरामद किया गया।



## फसक

# दाज्यू, चुनाव चक्कर में गजबजाट होने ही वाली ठैरी

## कोई हन्तर लेकर तो घन्तर लेकर ताक में बैठा रहता है बल

दाज्यू, भीषण बारिश से हमारे गाँव को जाने वाला रास्ता टूट चुका है लेकिन भिक्कू और राघव दिनभर चक्कर लगा रहे हैं। दाज्यू, चुनाव चक्कर में गजबजाट होने ही वाली ठैरी। एक बार मौका मिल गया तो भिक्कू-राघव भी कई सड़कें बना डालेंगे। वैसे भी चुनाव टैम में कोई हन्तर लेकर तो कोई घन्तर लेकर ताक में बैठा रहता है बल।

अपने हरदा कह रहे हैं- 'कांग्रेस को चतुर्भुज नेतृत्व मिल चुका है। मैं पार्टी का सिपाही हूँ।' दाज्यू, हम तो शुरू से ही कह रहे हैं कि उत्तराखण्ड को चतुर्भुज क्या, कई भुजाओं का सहारा मिलता रहा है। दोनों हाथों राज्य को मसलते........। भगवान जाने आगे क्या होने वाला है। भूल-चूक तो हो जाने वाली ठैरी। कुमाऊँ विश्वविद्यालय की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन पर फिर से लापरवाही पकड़ में आई है। एमबी कालेज बीकॉम के छात्र ने सूचना अधिकार में पता किया तो पता चला कि सही उत्तर देने के बावजूद 15 में से शून्य अंक मिले हैं। अब जाँच-पड़ताल का काम चल रहा है। हल्द्वानी के मुखानी में रहने वाली महिला को वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर 1.40 लाख की ठगी कर ली बल। अब साइबर सेल की टीम जाँच कर रही है।

काई काहे में मगन कोई कहू में मगन। सब अपनी लटपट में लगे हैं। इसी फेर में लाल-नीली बत्ती लगी कार में सवार होकर स्वयं को आईबी का अधिकारी बताने वाला रामपुर के मोहासिब खान खूब फुदक रहा था, जिसे पुलिस ने पड़क लिया है। मोहसिब तो पकड़ लिया गया है लेकिन उन छुटभैयों का क्या होगा जो मारे रौब तमाशा करते रहते हैं। रामनगर में बिरजू मयाल ने और ही कर रखी है। सोशल मीडिया पर गरजने वाले बिरजू ने ब्लाक प्रमुख मन्जू नेगी और उनके पति संजय नेगी बरसना शुरू किया तो उसे पुलिस ने पकड़ा। संजय नेगी का कहना है- 'भाजपा के नेता के इशारे पर बिरजू अनाप सनाप पोस्ट डालकर उनके परिवार को परेशान कर रहा था।' दाज्यू, बिरजू कह रहा है- 'उत्तराखण्ड का लाल, बिरजू मयाल'। उधर सीएम को गरियाने वाले एक युवक ने सोशल मीडिया पर माफी मांगते हुए कहा है- 'उससे बड़ी गलत हो गई।' किसी को भी गाली-गलौच क्यों देनी है। वैसी ही बहुत हकाहाक मची है, ऊपर से गाली-गोली की बात ठीक नहीं। जब पकड़े गये तो डड़ाडाड़ होने वाली ठैरी।

दाज्यू, किच्छा में निर्माणाधीन सेटेलाइट सेन्टर में नियुक्ति के नाम पर पैसे लेने और फर्जीवाड़े सम्बन्धी मामले में पुलिस ने भाई-बहन व एम्स के आउटसोर्स कर्मचारी सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। एम्स प्रशासन के अनुसार आरोपी फर्जी नियुक्तिपत्र देकर युवाओं से रकम वसूल रहे थे। दाज्यू, सबके हाथ हन्तर और घन्तर है, कौन किधर किसको लोड्या देगा पता नहीं। सावधान रहने की जरूरत है। दिनेशपुर में कहासुनी के बाद घर छोड़कर जा रहे पोते को मनाने जा रही महिला की मौत हो गई, फिर भतीजे ने पोते पर लोहे के राड से वार कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पता नहीं इस कलजुग में क्या कुछ देखने को मिलने वाला है।

-तुम्हारा भुली झकरुवा

## अब चुनाव मोड.....

प्रथम पृष्ठ का शेष

पार्टी नेताओं के रिझाने के खेल के साथ ही पार्टी के भीतर चल रहे असन्तोष को शान्त करने की रणनीति भी बनाई जा रही है। पार्टियों के बड़े नेताओं के सामने टिकट के दावेदारों ने चुनौती खड़ी कर दी है। ऐसे में लपेट और समेट जैसी स्थिति बनी हुई है। भाजपा के मीडिया पैनलिस्ट राजेश बिष्ट ने लोहाघाट में पार्टी गुटबाजी को लेकर अपनी बात रखते हुए कहा कि संगठन को समय रहते हालात सम्भालने होंगे। उनका कहना है कि 2022 में मिली करीबी हार के पीछे अन्दरूनी खींचतान भी एक वजह रही और यदि इस कमजोरी को दूर नहीं किया गया तो आगामी चुनाव में भी इसका असर पड़ सकता है। 2022 में भाजपा कुछ हजार मतों के अन्तर से हारी थी। ऐसे में हार के कारणों की गम्भीर समीक्षा और संगठनात्मक कमियों को दूर करना जरूरी था। उन्होंने 2025 के पंचायत चुनाव में पाटी विकासखण्ड में गुटीय राजनीति के असर का भी उल्लेख किया। उनके अनुसार चुनावी जीत केवल सरकार की उपलब्धियों के सहारे हासिल नहीं होती। बूथ पर खड़ा कार्यकर्ता ही संगठन की असल ताकत है। यदि वही उपेक्षित या नाराज महसूस करेगा तो चुनावी रणनीति कमजोर पड़ सकती है।

इसी बीच लोहाघाट क्षेत्र से कई कांग्रेस से जुड़े नेताओं ने देहरादून जाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके बाद पूर्व विधायक पूरन फर्त्याल का कहना है- जिन लोगों ने भाजपा के विरोध में काम किया है उन्हें शामिल करने पर विचार होना ही चाहिये।

इसी प्रकार एक पार्टी से दूसरी पार्टी जाने को लेकर स्थानीय स्तर पर अन्य जगह भी नेताओं का उचाट दिखाई दे रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत लगता है हारमान हो चुके हैं और उन्होंने अपने कद के अनुसार सयानों की बात कही है। हरदा मान रहे हैं कि अब कांग्रेस का नेतृत्व युवाओं ने सम्भालना चाहिये तभी वह कह रहे हैं- 'चतुर्भुज नेतृत्व पार्टी को मिला है।'

दूसरी ओर हरक सिंह रावत अपने अंदाज में बेशुमार भाषण-बयान करने लगे हैं और अपने लिये पूरा माहौल बना चुके हैं। वह डोईवाला से लेकर किसी भी सीट से ताल ठोकने को तैयार हैं। कालाढूंगी सीट पर युवा हिन्दूवादी नेता विपिन पाण्डे पूरी ताकत के साथ अपने प्रचार में लगे हैं और विधायक बंशीधर के खिलाफ आवाज बन चुके हैं। ऐसे में भाजपा अगली रणनीति बना सकती है। रानीखेत सीट पर विधायक प्रमोद नैनवाल मेलजोल करते दिखाई दिखाई दे रहे हैं क्योंकि इसमें टिकट दावेदारों की संख्या बढ़ चुकी है।

सब जमा मामला यह है कि चुनाव लड़ने को आतुर नेता जनता के बीच जाकर सलाम ठोकने लगे हैं।

## मैग्नेसाइट कर्मियों ने दी धरने की चेतावनी

बागेश्वर। अल्मोड़ा मैगनेसाइट लिमिटेड काफलीगैर की गम्भीर आर्थिक स्थिति, बन्द मशीनों और कर्मचारियों के बकाये भुगतान के विरोध में अल्मोड़ा वर्कर यूनियन ने आन्दोलन तेज कर दिया है। यूनियन और प्रबन्धन के बीच हुई वार्ता के बाद कर्मचारियों ने धरने का ऐलान किया। उनका कहना है कि बिना कारण कम्पनी को बन्द कर दिया गया है जिससे करीब 20 करोड़ का भारी नुकसान हो चुका है। क्षेत्र के एकमात्र उद्योग पर 5000 परिवारों की आजीविका निर्भर है, सरकार को इसे सरकारी उद्योग घोषित करना चाहिये।

## अंकिता की पुण्यतिथि पर जुलूस-सभाएं

अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड की पुण्यतिथि पर दिल्ली से लेकर उत्तराखण्ड तक जुलूस और सभाओं का आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धांजलि देते हुए न्याय की मांग रखी। आन्दोलनकारियों के साथ विपक्ष भी खुलकर भागीदार रहा और कहा कि न्याय के लिये संघर्ष जारी रहेगा। कांग्रेस ने अपने प्रदर्शन में सरकार का पुतला दहन करते हुए आरोप लगाए। यूकेडी और अन्य दलों द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिये सवाल उठाए गए।

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

**कलाकार**

# जोहार घाटी की लोक विरासत के साधक एवं सामाजिक कार्यकर्ता लवराज राम

**एम.एस.रावत**



गुरु लवराज राम जोहार घाटी, मुनस्यारी के दरांती गाँव के मूल निवासी हैं। उनके पिता का नाम श्री माधो राम हैं। पूर्वजों से प्राप्त पारम्परिक लोक विधा 'घटेली जागर' के वे कुशल साधक एवं गुरु हैं। उन्होंने इस पुश्तैनी लोक परम्परा को पूरे मन, लगन और आत्मीयता से साधा है तथा विभिन्न मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए इसे जीवन्त बनाए रखा है।

समृद्ध सांस्कृतिक यात्रा-

गुरु लवराज राम ने अनेक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उनकी सांस्कृतिक यात्रा में क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, नैनीताल की कार्यशाला, छोलिया महोत्सव 1997, दरकोट-मुनस्यारी की सांस्कृतिक संध्या 2003 तथा जौहार महोत्सव2010 सहित विभिन्न आयोजनों में सहभागिता एवं सम्मान शामिल हैं। उनकी कला-यात्रा का एक विशेष गौरवपूर्ण अवसर जी-20 के दौरान आकाशवाणी दिल्ली के रंग भवन सभागार में सांस्कृतिक प्रस्तुति देना रहा। वर्ष 2023 के प्रमाण-पत्र में उनके छोलिया नृत्य में सहभागिता प्रमाणित है।

कला संरक्षण एवं सम्मान-

गुरु लवराज राम ने प्राचीन लोककलाओं को जीवित रखने और नई पीढ़ी तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उपलब्ध विवरण के अनुसार, उन्हें 'कला दीक्षा सम्मान' से सम्मानित किया गया है तथा गुरु-शिष्य परम्परा के अन्तर्गत उनके कला-संरक्षण सम्बन्धी प्रयासों को विशेष पहचान मिली है। वह हुड़का परम्परा के संरक्षण एवं प्रशिक्षण से भी जुड़े हैं। इस माध्यम से पारम्परिक ताल, लोककथाओं और जोहार की सांस्कृतिक विरासत को बच्चों एवं युवा पीढ़ी तक पहुँचाने का प्रयास कर रहे हैं।

गुरु-शिष्य परंपरा के सम्वाहक-

वर्तमान में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय सॉन्ग एण्ड ड्रामा डिवीजन द्वारा गुरु लवराज राम को गुरु की भूमिका में गुरु-शिष्य परम्परा के अन्तर्गत कार्य सौंपा गया है। इस दायित्व के तहत वे बच्चों एवं नई पीढ़ी को पारम्परिक लोककला का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

उनका मानना है कि लोककला केवल मंचीय प्रदर्शन नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों की स्मृति, अपनी जड़ों और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी जीवन्त विरासत है। इसी आत्मीय भावना के साथ वे अपने ज्ञान और अनुभव को अगली पीढ़ी तक पहुँचा रहे हैं।

पद्मश्री श्रीमती बसन्ती देवी जी का स्नेह एवं मार्गदर्शन-

गुरु लवराज राम द्वारा जोहार घाटी की पारम्परिक लोक विरासत के संरक्षण तथा नई पीढ़ी को उससे जोड़ने के प्रयासों को पद्मश्री श्रीमती बसन्ती देवी जी ने भी सराहा है। वे समय-समय पर उन्हें अपना स्नेह, प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन प्रदान करती रहती हैं। यह स्नेह और मार्गदर्शन लवराज जी के लिए प्रेरणा का स्रोत है तथा उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं सम्वर्धन के कार्य को और अधिक समर्पण के साथ आगे बढ़ाने की ऊर्जा देता है।

सामाजिक सरोकार एवं जनसेवा-

लोककला के साथ-साथ गुरु लवराज राम सामाजिक कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे अपने क्षेत्र की सामाजिक गतिविधियों से आत्मीय रूप से जुड़े रहे हैं और ग्राम प्रधान के रूप में भी स्थानीय स्तर पर अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। उनका व्यक्तित्व मृदुभाषी, मिलनसार, सहज एवं सहयोगी है। लोगों से आत्मीयता से जुड़ना, समाज के लिए उपलब्ध रहना तथा अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति समर्पित रहना उनके व्यक्तित्व की विशेष पहचान है।

एक कलाकार से बढ़कर एक सांस्कृतिक विरासत के सम्वाहक-

गुरु लवराज राम केवल एक लोक कलाकार नहीं, बल्कि जोहार घाटी की पारम्परिक लोक विरासत के आत्मीय साधक, गुरु, सम्वाहक और नई पीढ़ी के मार्गदर्शक हैं। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि जब कला से प्रेम, अपनी जड़ों से जुड़ाव और समाज के प्रति सेवा-भाव एक साथ जुड़ते हैं, तो एक व्यक्ति पूरी सांस्कृतिक परम्परा का वाहक बन जाता है। पूर्वजों से मिली विरासत को प्रेम और आत्मीयता से संजोना, उसे साधना और अगली पीढ़ी को सौंपना यही सच्ची संस्कृति सेवा है।

## सावधान! अपनी डाक के प्रति जागरूक रहें तभी सुधार होगा

# डाक वितरण में घोर लापरवाही




### एकमुस्त डाक बांटते हुए अपनी व्यथा भी बताने लगा डाकिया

हल्द्वानी। डाक विभाग की ओर से चाहे कितने ही दावे किये जा रहे हों लेकिन डाक वितरण में घोर लापरवाही दिखाई दे रही है। डाक वितरण करने वाले कतिपय कर्मचारी इतने ढीठ हो चुके हैं कि उन्हें किसी बात का डर-भय नहीं है। ऐसे में, सावधान! अपनी डाक के प्रति आम जनता को जागरूक रहना होगा, तभी यह व्यवस्था सुधर सकती है। जगह-जगह से डाक वितरण में गड़बड़ी की सूचना मिलती रहती है। एक ताजा मामले में हल्द्वानी के डाक वितरण की गड़बड़ पर हमारे सम्वाददाता ने प्रधान डाकघर जाकर इसकी पड़ताल की तो पता चला सम्बन्धित डाकिया एकमुश्त लम्बे समय से डाक न बांटकर उन्हें एक साथ वितरित कर रहा है। शिकायत करने के अलावा डाक वितरक कर्मी श्री गोस्वामी जी से जब पूछा गया तो उन्होंने वर्षा के मौसम की बात कही। साथ ही कहा- उनके पास बहुत लम्बा इलाका है और कई तरह की डाक बांटनी होती है। डाकिया की अपनी व्यथा है लेकिन वह भूल रहे हैं कि डाक समय पर देना सुनिश्चित करना चाहिये। प्रधान डाकघर के अधिकारियों द्वारा कहा भी गया है कि डाक वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

इन हालातों में आम जनता को जागरूक रहना होगा, उनके क्षेत्र के डाक वितरण करने वाले का मोबाइल नम्बर रखना चाहिये और सम्पर्क में रहें। यदि किसी प्रकार का सन्देह हो तो विभाग में शिकायत दर्ज करें।

## ज्योतिष की बातें 300

इस सप्ताह चन्द्रमा के अतिरिक्त अन्य किसी भी ग्रह का गोचर परिवर्तन नहीं हो रहा है। सम्पूर्ण सप्ताह गुरु अपनी उच्चराशि कर्क में, शुक्र स्वराशि तुला में, बुध मित्रराशि तुला में, सूर्य व शनि समराशि कन्या व मीन में क्रमशः और मंगल नीचराशि कर्क में गोचर करेंगे तथा चन्द्रमा इस सप्ताह मेष, वृषभ व मिथुन राशि में क्रमशः गोचर करेगा।

3 अक्टूबर 2026 को शुक्र तुला राशि में वक्री हो जाएगा। अतः अगले 42 दिन शुक्र से प्राप्त होने वाले शुभाशुभ फल अब सभी जातकों को प्रबल रूप से प्राप्त होंगे।

इस स्तम्भ में साप्ताहिक रूप से ग्रहों का गोचर मन्त्रेश्वर फलदीपिका ग्रन्थ के अनुसार प्रस्तुत किया जाता है। यह स्थूल रूप से ही सही होता है। व्यक्ति विशेष के लिए उसका सूक्ष्म विश्लेषण उसकी जन्मकुण्डली दशा आदि पर निर्भर करता है।

इस अंक के साथ ही इस स्थाई स्तम्भ 'ज्योतिष की बातें' के कुल 6 वर्ष और 300 भाग पूर्ण हो रहे हैं। इस सफलता के लिए सम्पादक महोदय और पाठकों का धन्यवाद देना चाहता हूँ।

शुभं भवतु !! **-ओंकार नाथ कोष्टा**
ज्योतिर्विद् एवं आयुर्विद्

## सम्यक् विचार 282

### ट्रैफिक जाम का विशेष कारण

आज से 20-25 साल पहले नैनीताल में जॉब करने वाले लोग नैनीताल में ही निवास करते थे, न कि हल्द्वानी में। लेकिन अब नैनीताल में जॉब करने वाले अधिकतर लोग हल्द्वानी में निवास करते हैं और हल्द्वानी से नैनीताल प्रतिदिन आवागमन करते हैं। पहले जब लोग नैनीताल में ही निवास करते थे तो हल्द्वानी नैनीताल के बीच में कभी भी जाम नहीं होता था। अब हल्द्वानी से नैनीताल लोगों के प्रतिदिन आवागमन करने के कारण सुबह और शाम हल्द्वानी नैनीताल के बीच प्रायः जाम रहता है। पिकनिक सीजन में तो कई किलोमीटर तक का ट्रैफिक जाम रहता है और रास्ते में कई घण्टे लग जाते हैं। पहले नैनीताल भ्रमण करके लोग नैनीताल में ही रात में रुक जाते थे लेकिन अब टूरिस्ट वापस हल्द्वानी चले जाते हैं।

ऐसा केवल हल्द्वानी में ही नहीं बल्कि देश में सभी जगह हो रहा है जहाँ पर व्यक्ति पढ़ने के लिए या जॉब के लिये 40-50 किमी या 100 किलोमीटर तक प्रतिदिन आवागमन करता है। सभी जगह सुबह-शाम ट्रैफिक जाम की स्थिति दिखाई पड़ती है। बसों में और ट्रेन में मंथली पास की सुविधा होने के कारण तो आवागमन का खर्च और भी कम जाता है। इस प्रकार आदमी दिन के 24 घण्टे तक तो बस में या ट्रेन में ही व्यतीत करता है।

इसका मुख्य कारण क्या है? वास्तव में कहीं पर ठहरने का खर्च (होटल आदि का) बहुत अधिक होता है और चलते रहने का खर्च कम। इस कारण पूरे देश में यह ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है। ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति पाना है तो ठहरने का अर्थात् होटल का खर्च चलते रहने की तुलना में कम कराया जाना आवश्यक है। इस दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए। शहरों में महंगे होटल के अन्य विकल्प भी उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

**-ओंकार नाथ कोष्टा**

## गोपाल सिंह खोलिया भारतीय बॉक्सिंग टीम के ऑब्जर्वर नियुक्त

अल्मोड़ा। उत्तराखण्ड बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव और अल्मोड़ा बॉक्सिंग संघ के जिला सचिव गोपाल सिंह खोलिया को जापान में होने वाले आगामी एशियाई खेलों के लिए भारतीय बाक्सिंग टीम का ऑबजर्वर नियुक्त किया गया है।

## मोहान में बनेगा स्व.जीना स्मृति द्वार

सल्ट। विधानसभा सल्ट क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. सुरेन्द्र सिंह जीना की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए मोहान में स्मृति द्वार का निर्माण किया जाएगा। मोहन स्थित पुलिस चेक पोस्ट के पास विधायक महेश जीना ने इसका विधिवत शिलान्यास किया। 41.07 लाख रुपये की लागत से सल्ट विधानसभा की सीमा पर इसे बनाया जाएगा।

## आदि कैलास यात्रा का दूसरा चरण शुरू

धारचूला। आदि कैलास यात्रा का दूसरा चरण आरम्भ हो चुका है। बरसात में धीमा हो चुके कारोबार में तेजी की उम्मीद है। व्यास घाटी में संचालित 550 होम स्टे और टैक्सी संचालकों व अन्य को कारोबार से उम्मीद रहती है।

## आशा कार्यकर्ताओं का दून में प्रदर्शन

देहरादून। राजधानी में आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष शिवा दुबे के नेतृत्व में आशा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया तो एक अक्टूबर से कार्य बहिष्कार व धरना किया जायेगा। प्रमुख मांग उन्हें 26 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन देने की है।

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

## अल्मोड़ा में रात्रि पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

अल्मोड़ा। नगर की सुरक्षा व्यवस्था के लिये रेडक्रॉस सोसायटी ने सीओ से भेंट कर रात्रि में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। सोसायटी के अध्यक्ष आशीष वर्मा ने कहा कि नगर में देर रात तक आवाजाही रहती है। मुख्य बाजारों के साथ ही सुनसान मार्गों और सम्वेदनशील इलकों में पुलिस की उपस्थिति जरूरी है।

## रानीखेत-ऐरोड़ सड़क सुधार हो

रानीखेत। मूसलाधार वर्षा के कारण नवनिर्मित ऐरोड़-गगास लिंक मार्ग की स्थिति पहले से भी बद्तर हो चुकी है। इसमें हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है। ऐसे में प्रधान कैलाश सिंह अधिकारी ने ग्रामीणों के साथ लोनिवि के सहा.अभियन्ता को ज्ञापन देते हुए सड़क सुधार की मांग की है। कहा है कि शीघ्र सुधार न होने पर आन्दोलन किया जायेगा।

## फैकल्टी की कमी से दिक्कत

अल्मोड़ा। मेडिकल कालेज अधीन बेस अस्पताल में लम्बे समय से प्रस्तावित कार्निया प्रत्यारोपण सुविधा शुरू होने की उम्मीद को झटका लगा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों और आवश्यक फैकल्टी की कमी से इस सुविधा के संचालन में परेशानी है। चिकित्सा अधीक्षक बेस अस्पताल डा.बी.एस.पुनेरा ने बताया है कि कार्निया प्रत्यारोपण सुविधा शुरू करने के लिए एनएमसी की टीम मेडिकल कालेज का निरीक्षण कर चुकी है।


## चमोली में संयुक्त युद्धाभ्यास

चमोली। जिले के औली में भारत अमेरिका संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास हुआ। यह दोनों देशों के बीच युद्धाभ्यास का 22वां संस्करण है। भारत की 14वीं इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल आफिसर कमांडिंग मेजर जनरल अमरेश गुंजन और अमेरिका की 11वीं एयरबोर्न डिवीजन की पहली इन्फैंट्री ब्रिगेड काम्बैट टीम के कमाण्डर कर्नल बेंजामिन जैकमैन ने युद्धाभ्यास में शामिल दोनों देशों के सैनिकों को सम्बोधित किया। दोनों ओर से 600-600 सैनिक इस युद्धाभ्यास में शामिल हुए।

## बाहरी टैक्सियों के संचालन पर रोष

पिथौरागढ़। आदि कैलास यात्रा में बाहरी टैक्सियों के प्रवेश के निर्णय से स्थानीय टैक्सी यूनियन ने रोष जताया है। यूनियन से जुड़े वाहन स्वामियों और चालकों ने डीएम के माध्यम से आयुक्त को ज्ञापन भेजने की बात कही है। लोनिवि सभागार में यूनियन अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह नबियाल की अध्यक्षता में टैक्सी संचालकों व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें नबियाल ने कहा कि स्थानीय युवाओं ने बैंक से कर्ज लेकर वाहन खरीदे हैं, ऐसे में यदि उन्हें रोजगार के अवसर नहीं मिलेंगे तो भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

## परिक्रमा



## फचैऽक

बणनौ रिखुक रसल इथेलौल, गूड़ मिसिरि चीनि भौतै अकरि सरकार कूनै कम खाओ मिठ, सुगरै बीमारी है जालि नतरि सुगरै बीमारी है जाति नतरि, तैकैं हमनि भजूण जरूड़ी छू इंजन कसिक इसटाट ह्वल, योई हम सबनकि मजबूरी छू हमनि तो उसै करण भै यां, जस हमनथैं उ अमरीका कौल भाई बैणियो फिक चहा पियो, बणनौ रिखुक रसल इथेलौल।

गणेश पाण्डेय

# कैंची धाम के भब्बड़ को देखते हुए रोपवे रूट प्रस्तावित

## घंटे भर में काठगोदाम से कैंचीधाम पहुंच जाएंगे

हल्द्वानी/नैनीताल। बाबा नीम करौली के दरबार के नाम पर जिस प्रकार का भब्बड़ भवाली-अल्मोड़ा मुख्य राजमार्ग पर होने लगा है उससे आम जन बहुत परेशान है। लगने वाले जाम से क्षेत्रवासियों की दिनचर्या प्रभावित हुई है। कई बार अतिआवश्यक कार्य से आवागमन करने वालों, मरीज को ले जा रही ऐंबुलेंस तक इस जाम में फंसी रहती है और अनहोनी का भय रहता है। कहने को पार्किंग सुविधा व पुलिस व्यवस्था कैंची क्षेत्र में है लेकिन व्यवहार में यह सब कितना हो पा रहा है कि लोग परेशान हैं। ऊपर से बढ़ते जा रहे प्रचार के कारण श्रद्धालुओं के अलावा पिकनिक मनाने वालों की कमी नहीं है। हालातों से शासन प्रशासन भी बेखबर नहीं है।

जाम के बढ़ते दबाव के कारण अब हवाई मार्ग से यात्रा की तैयारी पर विचार हुआ है। शासन ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को गति देने की कवायद तेज कर दी है। बताया गया है कि काठगोदाम से कैंचीधाम तक करीब 21 किलोमीटर लम्बे रोपवे नेटवर्क की डीपीआर तैयार की जा रही है। योना अनुसार रानीबाग ज्योलीकोट सैनिटोरियम होते हुए कैंची धाम तक का सफर एक घण्टे में पूरा होगा।

रोपवे परियोजना को गति देने के लिये काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में प्रमुख सचिव ऊर्जा, नियोजन, सिंचाई एवं लघु सिंचाई डॉ. आर.मीनाक्षी सुन्दरम की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में परियोजना के तकनीकी, भूमि वन और यातायात से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रशान्त जैन ने बताया कि प्रस्तावित रोपवे की लम्बाई करीब 14.9 किलोमीटर होगी और इसके निर्माण पर लगभग 2800 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। परियोजना में काठगोदाम, रानीबाग, भुजियाघाट, ज्योलीकोट और हनुमानगढ़ी में 5 स्टेशन प्रस्तावित हैं। रोपवे में करीब 53 टावर बनाए जाएंगे। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत रानीबाग से हनुमानगढ़ी तक का सफल मात्र 20 से 25 मिनट में पूरा हो सकेगा। इस मार्ग पर एकतरफा किराया 375 रुपये प्रति यात्री प्रस्तावित किया गया है। रोपवे की क्षमता करीब 1800 यात्रियों को प्रति घण्टे की होगी।

# 13 नदियों को मिलेगा पुनर्जीवन

देहरादून। उत्तराखण्ड में प्राकृतिक जलस्रोतों और नदियों को पुनर्जीवन देने की मुहिम के क्रम में जलागम विभाग के अन्तर्गत गठित स्प्रिंग एण्ड रिवर रिज्युविनेशन अथारिटी (सारा) ने 'एक जिला एक नदी' कार्यक्रम में प्रत्येक जिले में एक-एक नदी का चयन किया है। अभी तक 11 नदियों की कार्ययोजना को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए 44 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। स्थानीय निवासियों को विश्वास में लेकर नदी संरक्षण का कार्य करने की बात कही गई है। कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता पर नजर रखने को विशेषज्ञ नियुक्त कर दिये गये हैं।

सचिव जलागम दिलीप जावलकर कहते है। कि इस कार्यक्रम के द्वारा नदियों को पुनर्जीवन देकर दीर्घकालीन जल सुरक्षा की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। वर्तमान में बागेश्वर व ऊधमसिंह नगर जिले में चयनित नदियों की डीपीआर तैयार की जा रही है। शेष जिलों की चयनित नदियों के लिए धनराशि जारी कर दी गई है।

# औली में बनेगा स्की-एडवेंचर विलेज

चमोली। साल भर पर्यटन और शीत कालीन खेलों को विस्तार देकर औली को स्की और एडवेंचर विलेज के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इसके लिए मास्टरप्लान तैयार किया जा रहा है। जोशीमठ से औली होते हुए गोरसों पीक तक पर्यटकों की पहुँच आसान बनाने के लिए 6.92 किमी लम्बा रोपवे बनाया जाएगा। इसमें गोंडोला (केवल कार) केबिन के द्वारा पर्यटकों को ऊँचाई वाले क्षेत्रों तक पहुँचाने में सुगमता होगी।

पहले चरण में जोशीमठ से औली तक 3.02 किमी और आगे औली के ऊपरी हिस्से से गोरसों पीक तक 2.13 किमी रोपवे प्रस्तावित है। स्की क्षेत्र में गोंडोला लिफ्ट का भी प्राविधान है। इस कनेक्टिविटी से जोशीमठ-औली-गोरसों को एकीकृत पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने की तैयारी है।

बताया जा रहा है कि मास्टर प्लान में औली को तीन जोन में बांटकर अलग-अलग प्रकृति की गतिविधियां विकसित करने की योजना है। इसमें चेयरलिफ्ट और पोमा स्की लिफ्ट को पुनर्जीवित किया जाएगा। दूसरा स्की जोन बर्फीले रांमोच और ऊँचाई वाले खेलों, तीसरा गोरसों जोन हाई एल्टीट्यूड एडवेंचर का केन्द्र बनेगा। साथ ही स्की टूरिंग के साथ छोटे झील क्षेत्र और ट्रेकर्स के विश्राम स्थल विकसित किये जाएंगे।

# नियुक्ति के दस्तावेज पेश करने के निर्देश

नैनीताल। हाईकोर्ट ने विधानसभा सचिवालय से बर्खास्त कर्मचारियों के मामले पर सुनवाई करते हुए दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिये हैं। कोर्ट ने हटाए गए कर्मचारियों की ओर से 2016 से पहले नियुक्त कर्मचारियों की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेज कोर्ट में प्रस्तुत करने की अनुमति देने से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र सुनवाई के बाद निरस्त कर दिया। साथ ही 2016 से पहले नियुक्त कर्मचारियों के दस्तावेज शपथपत्र के माध्यम से कोर्ट में पेश करने और विधानसभा सचिवालय को आपत्ति पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अलगी सुनवाई 15 अक्टूबर को नियत की गई है।

न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी की एकलपीठ में याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि उनकी नियुक्ति वैध है। विधानसभा के अध्यक्ष को नियुक्ति का अधिकार है। विधानसभा सचिवालय की ओर से कहा गया कि अवैध रूप से नियुक्त कर्मचारियों को नियमानुसार हटाया गया है। नियुक्तियां बिना नियमावली के ध्यान में रखते हुए की गई थी।

## कण्ड गांव में श्रमदान से सड़क

कर्णप्रयाग। विकासखण्ड के सकंड ग्राम के ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क बनाने के साथ ही चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने कहा कि शासन-प्रशासन ने से बार-बार कहने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं होने के कारण ग्रामवासियों को जूझना पड़ रहा है। सड़क नहीं होने के करीब 9 किमी की पैदल दूरी करनी पड़ती है।

## मुनस्यारी में मजदूरी रेट तय हों

मुनस्यारी। मल्ला जोहार विकास समिति के अध्यक्ष श्रीराम सिंह धर्मशक्तू ने नगर पंचायत अध्यक्ष से मांग की है कि नगर पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत और नगर पंचायत से बाहर के क्षेत्र व ग्राम में जो लोग भवन निर्माण का कार्य बाहर के मजदूरों से स्किल्ड और नॉन सिकल्ड कारीगरों से करवा रहे हैं, वे प्रतिदिन अपनी मनमर्जी से मजदूरी बढ़ोत्तरी करते जा रहे हैं। ऐसे में मजदूरी रेट तय होने चाहिये ताकि आम आदमी को राहत मिले।

## मवानी में जबर्दस्त जुलूस प्रदर्शन

पिथौरागढ़। 15 सूत्रीय मांगों को लेकर मवानी में जबर्दस्त जुलूस प्रदर्शन किया गया। रामगंगा घाटी के लोग लम्बे समय से मांगों को लेकर शासन-प्रशासन से अनुरोध करते रहे हैं लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ न मिलने पर अब आन्दोलन भड़क चुका है। संघर्ष समिति के आन्दोलन को देखते हुए एसडीएम ने मुवानी पहुँचकर आन्दोलनकारियों से वार्ता की लेकिन आन्दोलनकारियों ने कहा जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलता है, यह जारी रहेगा। समिति के अध्यक्ष कमल दीप सिंह ने कहा सीएचसी का उच्चीकरण, मुवानी घाटी को विकासखण्ड, तहसील और नगर पंचायत का दर्जा देने जैसी प्रमुख मांगों को लेकर अब आर-पार की लड़ाई है।

## जिला चम्पावत स्थापना दिवस

चम्पावत। जिला चम्पावत का स्थापना दिवस अवसर पर जनपद के विकास की भावी दिशा एवं जन आकांक्षाओं को लेकर जिला सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को आमंत्रित कर समग्र विकास पर विचार-विमर्श किया गया। बताते चलें कि 15 सितम्बर 1997 को चम्पावत जिले का गठन हुआ था।

## पावरलिफ्टिंग में कोच बने पूर्व विधायक

द्वाराहाट। उत्तराखण्ड ओलम्पिंक संघ के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक महेश नेगी आगामी कॉमनवेल्थ पावरलिफ्टिंग एवं बेंच प्रेस चैम्पियनशिप में भारतीय टीम के मैनेजर होंगे। उन्हें कनाडा में होने वाले इस आयोजन के लिये नियुक्त किया गया है।

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

# नन्दादेवी कौतिक में दिखी लोक संस्कृति

## नन्दामाई के पूजन को मर्तोली तक गये यात्री, कोटभ्रामरी में जुटे कौतिक्यार, अल्मोड़ा-नैनीताल में नन्दा-सुनन्दा डोला सजा



- लीती स्थित नन्दा भगवती मंदिर में ब्रह्मकल
- चम्पावत में महोत्सव में सीएम धामी का सन्देश
- नैनीताल में विधिक सेवा का जागरुकता अभियान
- रानीखेत में शोभायात्रा के साथ भव्य झांकी
- डीडीहाट में नन्दा महोत्सव में ग्रामीणों की भागीदारी
- गढ़वाल में जात्रा संग श्रद्धालु नन्दामय हो चुके
- भवाली और भीमताल में हुआ भव्य आयोजन
- कत्यूर घाटी हुई नन्दामय, मवई से कदली वृक्ष

पहाड़ की अराध्य देवी नन्दा के पूजन का उत्सव लोक परम्पराओं के साथ सम्पन्न हुआ। इसमें एक ओर नन्दा माई हिमालयी का यशगान हुआ तो दूसरी ओर नन्दा-सुनन्दा के डोले में श्रद्धालु उमड़े। नन्दामाई के पूजन के लिये मर्तोली तक दूर-दराज से यात्री पहुँचे। नन्दामाई के मर्तोली स्थिति देवालय के अलाव अन्य स्थानों पर नन्दामाई के भक्तों ने विधिवत अनुष्ठान में भागीदारी की। इसके लिये बकायदा ब्रह्मकमल लाने से लेकर यह प्रक्रिया सम्पादित की। गढ़वाल मण्डल में नन्दा जात्रा का दौर चल पड़ा है। जात्रा में श्रद्धालु नन्दामय हो चुके हैं।

गरुड़/ग्वालदम। कोटभ्रामरी में नन्दाष्टमी मेली के लिये दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने पोस्टर विमोचन किया। इसके बाद तीन दिवसीय आयोजन में जागरण और भजन संध्या के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। कुमाऊँ गढ़वाल की सीमा पर कोट भ्रामरी में बड़ी संख्या में लोग जुटे। मेले के लिए कोट भ्रामरी मन्दिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कत्यूर घाटी पूरी तरह नन्दामय हुई जब नांगर-निशाणों के साथ भक्त मवई ग्राम से कदली वृक्ष लेकर पहुँचे। परम्परा अनुसार जखेड़ा और मवई गाँव के परिहार खाम के लोग निशाणों के साथ मवई पहुँचे। शुभारम्भ पर नांगर-निशाणों के साथ जखेड़ा का परिहार खाम कोट भ्रामरी मन्दिर पहुँचा। प्रशासनिक रूप से मेले का विधिवत उद्घाटन परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने किया। विधायक पार्वती दास, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण सहित तमाम लोग उपस्थित थे। यहाँ स्वतंत्रता सेनानी और लोक कलाकार स्व. गुमान सिंह रावत की स्मृति में उनके स्वजनों ने विशाल भण्डारे का आयोजन किया। नागनाथ मन्दिर में भी नन्दा का अवतरण हुआ। राजस्व विभाग की टीम भगरतोला ग्राम से पारम्परिक आभूष लाई थी।


बागेश्वर। बिचला दानपुर के प्रसिद्ध लीती स्थित नन्दा भगवती मन्दिर में ब्रह्मकमल के साथ अनुष्ठान शुरू हुआ। इसके लिये 21 सदस्यीय श्रद्धालुओं का दल ब्रह्मकमल लेने कफनी ग्लेशियर स्थित पवित्र नन्दाकुण्ड गया। लाटू मोड़ पर स्थानीय ग्रामीणों ने दल का भव्य स्वागत किया। रिंगाल के डण्डों में सजाकर ढोल दमाऊ बजाते हुए इन्हें मन्दिर प्रांगण तक लाया गया। माँ भगवती की प्रतीकात्मक मूर्ति का निर्माण कर भव्य पूजन सम्पन्न हुआ। इसी प्रकार पोथिंग में नन्दा मेले के तहत तिबारी मन्दिर में नन्दा की गूंज हुई।

नैनीताल। नन्दा-सुनन्दा के डोले के लिये बड़ी संख्या में लोग जुटे। नयना देवी मन्दिर में पूजन के अलावा यहाँ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला विधिक सेवा के संयुक्त तत्वावधान में स्टाल लगाकर जागरुकता अभियान भी चलाया गया। सिविल जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल द्वारा विधिक स्टाल का उद्घाटन किया गया।

भवाली और भीमताल में भी भव्य आयोजन किये गये। भवाली में परम्परागत तरीके से नन्दा-सुनन्दा का डोला निकाला गया। भीमताल में कैबिनेट मंत्री रामसिंह कैड़ा ने शामिल होकर कहा, यह पर्व हमारी लोक संस्कृति, धार्मिक आस्था और परम्पराओं का प्रतीक है।

रानीखेत। पर्यटन नगरी में माँ नन्दा-सुनन्दा की शोभायात्रा के साथ आयोजन हुआ। नन्दा देवी मन्दिर से निकली शोभायात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं ने इससे पहले राय इस्टेट स्थित विमल भट्ट के माधव कुन्ज आवास परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कदली वृक्षों को नन्दादेवी मन्दिर लाया गया। मन्दिर में वृक्ष स्थापना के बाद अनुष्ठान नन्दा-सुनन्दा की मूर्तियों का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर मेला समिति की ओर से कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

अल्मोड़ा। सांस्कृतिक नगरी का ऐतिहासिक नन्दादेवी कौतिक सांस्कृतिक



आयोजन व शोभायात्रा के साथ सम्पन्न हुआ। शोभायात्रा माल रोड होते हुए थाना बाजार, गंगोला मोहल्ला, जौहरी बाजार, चौक बाजार, लाला बाजार होते हुए नन्दा देवी मन्दिर पहुँची। मन्दिर में एक ओर धार्मिक अनुष्ठान हुए तो दूसरी ओर सांस्कृतिक मंच सजा था जिसमें स्कूली बच्चों व कलाकारों ने मनोरंजन किया। स्वत:स्फूर्त आने वाले लोक कलाकार अपने रंग में दिखाई दिये। इससे पहले नन्दादेवी परिसर में पाण्डेखोला से कदली वृक्ष लाकर पूजन हुआ। नन्दादेवी कौतिक में ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग कौतिक की दुकानों से खरीददारी को भी पहुँचे। नन्दा देवी मेले में पहाड़ी उत्पादों के अलावा तराई-भाबर से कारोबारियों ने दुकान सजाकर इसकी रौनक बढ़ाई।

चम्पावत। जिला मुख्यालय में पारम्परिक परिधानों में भव्य झांकी और शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने सन्देश में कहा माँ नन्दा-सुनन्दा देवभूमि उत्तराखण्ड की अगाध आस्था, देव संस्कृति और जन आकांक्षाओं की प्रतीक है। जिलाधिकारी मनीष कुमार सहित प्रशासनिक अमला आयोजन में जुटा था।

## छात्र संघ चुनाव.......

प्रथम पृष्ठ का शेष

हैं और अध्यक्ष पद के लिये मारामारी मची है। बड़ी छात्र संख्या वाले कालेजों में सत्र शुरू होते ही छात्र नेताओं के बीच बात-बहस और झगड़े दिखाई देने लगे थे। प्रचार को लेकर आपस में भिड़ते छात्र नेताओं के कारण कालेजों में अफरा-तफरी देखी गई है। छात्र संघ चुनाव को देखते हुए कालेज प्रशासन और पुलिस प्रशासन को इन दिनों में जूझना पड़ रहा है।

छात्र संघ चुनाव को लेकर यह बात तो ठीक भी है कि इन्हें समय से करवाया जा रहा है ताकि यह हल्ला निपट जाए। राजनीति करने वाले भी इसमें शामिल होकर अपने मर्ज की दवा कर सकें। शेष पठन-पाठन का माहौल बना रहे। वै

छात्र संघ चुनाव के इस पूरे हंगामे से निकलने वाले परिणामों का विधान सभा चुनाव में कोई असर नहीं होगा लेकिन इनके परिणामों को भी बड़े नेता अपने पक्ष में गिनने की कोशिश करते हैं। वह इसलिये भी ताकि कालेज राजनीति से निकले या इसमें शामिल युवा उनका साथ दें और माहौल बने कि युवा भी फलां नेता के साथ है।

छात्रों के इस चुनाव अभियान में एमबीपीजी में छात्र गुटों की खूब भिड़ाई हुई। प्राचार्य कक्ष में हंगामा करते हुए अपनी बात कर रहे छात्र नेताओं को कालेज प्रशासन व पुलिस द्वारा जैसे-तैसे रोका। अल्मोड़ा एसएसजे परिसर में भी छात्र-छात्राओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए छात्र नेता छत पर चढ़ गये। जैसे-तैसे इस हाई वोल्टेज ड्रामा को निपटाया गया। टनकपुर डिग्री कालेज में छात्र गुटों का आपसी झगड़ा उपजा, जो पहले से भी रहा है। खटीमा में प्रचार के दौरान छात्र नेताओं में गहमागहमी रही। लोहाघाट में दबाव की राजनीति करने का आरोप लगा है। हल्द्वानी छात्र संघ चुनाव में विधायक सुमित हृदयेश एनएसयूआई प्रत्याशी के पक्ष में खुलकर प्रचार में कूदे। बागेश्वर में छात्र नेताओं के विवाद में घायल हुए छात्र नेता का पुलिस के समक्ष धरना हुआ। पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने पुलिस से हमलावरों पर कार्रवाई की मांग की। राधेहरि कालेज काशीपुर, बाजपुर, रुद्रपुर में छात्र संघ का शोर सड़कों तक गूंजता रहा है। सितारगंज में छात्र संघ चुनाव में बाहर से शामिल नेता भी दिखाई दिये। छात्रों के चुनाव में बाह्य तत्वों का दखल और दलालों की मिलीभगत शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इस पर प्रभावी नियन्त्रण जरूरी है। इस प्रकार पूरे प्रदेश में अभी छात्र नेताओं का हो-हल्ला और छात्र संघ चुनाव के साथ ही आगामी आम चुनाव के लिये माहौल बनाने का प्रयास है।


सुरेश मेडिकल स्टोर
नियर- टैक्सी स्टैंड
मदकोट रोड
मुनस्यारी
मो.- 8077929044, 9756822576

HIMALAYAN MUNSYARI STORE
Johar Nagar, Bhotia Padav, Haldwani
(एक छत के नीचे अपने हस्तशिल्प, कुटीर उद्योग के उत्पादों का विश्वसनीय प्रतिष्ठान)
मो.- 8755116161. 84779321316 वीरेन्द्र सिंह मपवाल

मिलम बेक हाउस (नियर- टैक्सी स्टैंड चौराहा) मुनस्यारी
सम्पर्क- 8941807388
MILAM BAKE HOUSE CRAFTED IN THE MOUNTAINS
पहाड़ों में तैयार, स्वाद से भरपूर। हिमालय की वादियों से आपके स्वाद तक। आपके लिये लेकर आया है ताजे स्वादिष्ट और गुणवत्तापूर्ण बेकरी उत्पाद।


Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

# राजनीति : हरदा लगे हैं अपने अभियान में

## समर्थकों संग जनता के बीच हरीश रावत कर रहे हैं मन की बात

हल्द्वानी/देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत अपने समर्थकों संग जनता के बीच हैं ओर 'मन की बात' उनका विषय है। अपनी कांग्रेस पार्टी में भले ही वह सबसे अनुभवी और वरिष्ठ हैं लेकिन वर्तमान की राजनीति में उनके सामने चमक रहे अन्य नेताओं को लेकर हरदा जितना सोच-समझ रहे होंगे, उससे भी ज्यादा भाजपा की रणनीति पर विचार कर रहे हैं। यही कारण है सत्ता छूने को बेचैन कांग्रेस के साथ हरदा नया करने जा रहे हैं। लगता है वह जान चुके हैं कि अब किसी भी तरह की जिद अपनी पार्टी में नहीं करनी है। वर्ना जितना माहौल बना हुआ है वह भी हाथ से चला जाएगा।

वयोवृद्ध हरदा मोटे आनाज, माल्टा नींबू, काफल, ककड़ी पार्टी तो कभी अपनों भेंटघाट के रूप में काफी समय से सक्रिय हैं। अब वह यात्राओं के साथ अभियान को गति दे रहे हैं। इसके तहत प्रदेश के कई धार्मिक तीर्थस्थलों से अपने समर्थको से जुड़ने का आयोजन किया है। इस क्रम में श्री रावत ने गाजियाबाद मेरठ मार्ग से उत्तराखण्ड पहुँचकर सबसे पहले रामपुर तिहारा में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। नारसर बॉर्डर, मंगलौर से रुड़की में सम्पर्क करते हुए हरिद्वार में गंगा पूजन किया। मणिमाई मन्दिर लच्छीवाला में दर्शन सहित शहीद स्मारक कचहरी में गये। इसी प्रकार देहरादून कचहरी में लोगों से भेंट की। माणक सिद्ध, मांडू सिद्ध मन्दिर सहित तमाम जगह उनका दौरा हुआ।

# ज्योलीकोट में जलजनित रोगों का हमला और रोकथाम

नैनीताल। ज्योलीकोट व आसपास के क्षेत्र में जलजनित रोगों के हमले के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। सीवर के रिसाव सहित अन्य कई कारणों से पानी सम्बन्धी रोगों को लेकर पिछले कई दिनों से पूरे इलाके में हाहाकार मच चुका था। इसके बाद से प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग सम्वेदनशील इलकों में स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाकर ग्रामणों की जाँच और निशुल्क दवा वितरण कर रहा है। इसमें मरीजों के खून के नमूने लेने के अलावा काउंसलिंग की जा रही है। गम्भीर दिखने वाले मरीजों को पीएचसी में भर्ती कर निगरानी में रखा गया है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि पन्त ने बताया कि विभाग की टीमों ने सरियाताल, भल्यूटी, चोपड़ा और वेलवा खान के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिविर आयोजित किए। चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को दवाईयां बांटने के साथ ही पानी उबालकर पीने, खानपान में एहतियात बदरने की सलाह दी। बताते चलें कि क्षेत्र में गन्दले पानी के रिसने की शिकायतें पहले से की जा रही थीं।

'पिघलता हिमालय' के बढ़ते कदमों की शुभकामनाएं-
गंगा सिंह धर्मशक्तू
वृजवासी कालोनी
बड़ी मुखानी, हल्द्वानी




Hotel
Bala Paradise
Tiksain, Munsiari
Ph. 05961222237, 9412951678

धमोत होम स्टे
धरमघर/चौकोड़ी
(एडवेंचर जोन, ट्रेकिंग, माउंटेन वाइकिंग, स्थानीय व्यंजन)
मो. 9760007148 www.mountainheights.in

न तेरा न मेरा Thats मो. 9458920379
APNA GHAR 6396098804
चौकोड़ी
YOGA
MEDITATION
HOTEL RESTRO BANQUET
HOMELY FOOD
Near by- (माँ कोटगाड़ी, नौलिंग देव, पातालभुवनेश्वर)
LIVE MUSIC
पितृछाया- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. जोगासिंह मर्तोलिया
BIRTHDAY
WEDDING

होटल माँ नन्दादेवी एण्ड बारातघर
नानासेम, मुनस्यारी
गणेश सिंह मर्तोलिया एण्ड सन्स
हार्डवेयर, बिल्डिंग मैटीरियल, जनरल आर्डर सप्लायर्स
फोन सम्पर्क- 05961-222236
मो.- 8958525979, 9411134775

घर से बाहर अपनों का साथ
होटल लक्ष्य इन
मदकोट
नरेन्द्र सिंह रावत
सम्पर्क 7351285555

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती गीता उप्रेती द्वारा पिघलता हिमालय, जे०के०पुरम्, सेक्टर डी, छोटी मुखानी, हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं शक्ति प्रेस, जे०के०पुरम्, सेक्टर डी, छोटी मुखानी, हल्द्वानी(नैनीताल) से मुद्रित।

सम्पादक: श्रीमती गीता उप्रेती फोन/मोबाइल 9458961490, 9411770280, 9411301014,

editorpighaltahimalay@gmail.com
Website- www.pighaltahimalay.com

Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)